न्यूज ब्रीफ

सफाई व्यवस्था बदरंग, कचरे में मिली बोरियां, आयुक्त ने दरोगा को फटकारा

इंदौर। अलसुबह से देर शाम तक सफाई व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने में लगे अधिकारियों की निष्क्रियता भी दिखाई दी। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त को एक स्थान पर कचरे की बोरियां मिलीं तो उन्होंने क्षेत्र के दरोगा को फटकार लगाई। निगमायुक्त ने सोमवार को जोन 18 में निरीक्षण की शुरुआत की। नवलखा से सपना-संगीता रोड, टॉवर चौराहा, भंवरकुआं चौराहे का निगमायुक्त ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके पश्चात अग्रसेन नगर, नवलखा, तीन इमली चौराहा की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। स्वस्तिक गर्ल्स होस्टल के पास सीएनडी वेस्ट पड़ा होने पर हटाने के निर्देश दिए। साजन नगर पर लिटरबिन पड़ा होने पर सफाई करने के निर्देश दिए। नवलखा मेन रोड पर मिट्टी का ढेर तथा न्यू अतुल एकेडमी के पास बिल्डिंग मटेरियल हटाने को कहा। हाडिया कंपाउंड के पास कचरे का ढेर तथा लीटरबिन पड़ा होने हटाने को कहा गया। यहां कचरे की बोरियां और लिटरबिन पड़े थे। इस पर दरोगा अंजू रौत को फटकार लगाई।

ग्यारहवें दिन जनजागरण यात्रा ने पिगडम्बर में किया रात्रि विश्राम

महू। महेश्वर जानापाव उद्वहन नर्मदा सिंचाई परियोजना लाने के लिए पूर्व विधायक अंतरसिंह दरबार द्वारा 21 दिवसीय मां नर्मदा कलश एवं जनजागरण पदयात्रा गांव-गांव से निकाल रहे हैं। यात्रा के ग्यारहवें दिन में हरसोला, नयय, पांथ, बोरखेड़ी, हरनियाखेड़ी, उमरिया और ग्राम पिगडम्बर आदि ग्रामों में निकाली। ग्राम पिगडम्बर में प्रदेश कांग्रेस सचिव शक्तिसिंह गोयल के नेतृत्व में कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर कन्हैयालाल ठाकुर, रामेश्वर पटेल, नारायण पटेल, विष्णु खंडेलवाल पहलवान, दयाल जाट, प्रकाश चौहान, निशान चौहान, चंदरसिंह चौहान, राजेन्द्र काकाजी, राजेश पटेल, मंसूर पटेल, अनिल ठाकुर, गरिमा चौरसिया, रमेश परमार, रवीन्द्र जैन, शक्ति चौहान, विजय तिवारी, दिलीप मुकाती, महेश निनामा, विनय जनवार, सद्दाम पटेल आदि मौजूद थे। यात्रा ने रात्रि विश्राम ग्राम पिगडम्बर में सुंदरकांड पाठ कर किया।

क्षतिपूर्ति के 10 .93 लाख रु . देने के निर्देश

शाजापुर। सड़क दुर्घटना में सुनील कुमार पिता मोतीलाल जाटव निवासी इंद्रा कॉलोनी मक्सी की मृत्यु पर उनके परिजन को सदस्य मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शाजापुर सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने क्षतिपूर्ति स्वरूप 10 लाख 93 हजार रु. प्रदान किए जाने के आदेश हैं। अभिभाषक कमल कुमार पाटीदार एवं अभिभाषक जावेद पठान ने बताया सुनील जाटव 27 जुलाई 2018 को बाइक से अपने घर से हनुमान मंदिर तरफ जा रहा था। मक्सी में विपक्षी की मोटर साईकिल चालक ने तेज गति व लापरवाही से सुनील को टक्कर मार दी, जिससे सुनील गंभीर घायल हो गया। उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां मृत घोषित कर दिया। मृतक सुनील के परिजन ने न्यायालय में दुर्घटना दावा प्रस्तुत किया जहां सुनवाई के पश्चात न्यायाधीश सुरेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने मृतक के परिजन को क्षतिपूर्ति स्वरूप 10 लाख 93 हजार रु. क्षतिपूर्ति दिए जाने के आदेश दिए।

बदमाश को पकड़कर पुलिस के हवाले किया

शाजापुर। सोशल मीडिया पर चलने वाले मैसेज भले ही कई बार पुलिस के लिए परेशानी खड़ी करते हो लेकिन सोशल मीडिया कई बार पुलिस के लिए मददगार भी साबित होती है। यही हुआ जब सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के कारण लोग पुलिस की सहायता कर सके और 6 दिन से जिस आरोपी को पुलिस तलाश कर रही थी उसे लोगों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। गौरतलब है 6 दिन पहले यानी 22 फरवरी को छोटा चौक बाजार क्षेत्र की बर्तन की दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में चोरी की वारदात कैद हो गई थी। तब से ही वीडियो में दिखाई देने वाले बदमाश को पकड़ने के लिए पुलिस ने सभी व्यापारियों को फुटेज दिखा दिए थे। रविवार को जैसे ही बदमाश के मिलते जुलते हुलिए जैसा व्यक्ति दिखाई दिया तो दुकानदार ने पुलिस को सूचना दी और पकड़ा गया। दुकानदार से सूचना के बाद कोतवाली थाने की बीट भ्रमण कर रहे आरक्षक हेमेंद्र सोलंकी और संजय पटेल मौके पर पहुंचे और आरोपी को अपनी हिरासत में ले लिया।

सख्ती से पूछताछ कर पुलिस ने सुलझाई अंधेकत्ल की गुत्थी

अवैध संबंधों के चलते की थी हत्या

मामला बेगंदी में खेत की रखवाली करने जा रहे किसान की हत्या का, पांच गिरफ्तार

पीपुल्स संवाददाता ● खरगोन

मो.नं. 9425090186

पुलिस हिरासत में हत्या के मुलजिम।

बलकवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बेगंदी में 22 फरवरी की रात खेत में खड़ी फसल की रखवाली करने जा रहे किसान की नकाबपोश बदमाशों द्वारा लाठी-डंडों से पीट-पीटकर की गई हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। पुलिस का दावा है कि हत्या अवैध संबंधों के चलते की गई थी, जिसके आरोप में गांव के ही 5 युवकों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों से हत्या में इस्तेमाल किया गया डंडा (बैलगाड़ी में लगाने वाला खरियाला), मुंह और आंख को बांधने के लिए इस्तेमाल किया गया कपड़ा, पत्थर सहित अन्य सामान बरामद किया है।

मामले का खुलासा करते हुए एसपी शैलेंद्रसिंह चौहान ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपी आपस में रिश्तेदार हैं। आरोपी वीरेंद्र के परिवार की महिला के मृतक पवन वर्मा के साथ अवैध संबंध थे। अखिलेश ने उन्हें देखने के बाद हत्या के करीब 20 दिन पहले इसकी जानकारी वीरेंद्र को दी थी, जिसके बाद से वीरेंद्र पवन की हत्या की साजिश रच रहा था। इसमें उसने प्रकाश, अखिलेश, अजय, सुरेश को भी शामिल कर लिया और वारदात वाले दिन सभी ने संगठित होकर पवन को अकेला पाकर हमला कर दिया। अजय ने पवन के मुंह में और आंख पर कपड़ा बांधकर जमीन पर पटक दिया, जबकि अन्य आरोपितों ने पत्थर व लकड़ी से पवन पर जान लेने की नीयत से हमला किया। पवन के बेहोश होने पर उसे मृत समझ सभी फरार हो गए।

यह था मामला- पुलिस के अनुसार कृषक पवन मांगीलाल वर्मा (50) निवासी बेगंदी को 22 फरवरी की रात करीब 10 बजे गांव से कुछ ही दूरी पर सुनसान इलाका देख अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने लाठी-डंडों, पत्थर से जानलेवा हमला करने के बाद अधमरी हालत में छोड़ दिया गया था। चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण पहुंचे, जहां पवन दर्द से कराह रहा था। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसकी शिकायत बलकवाड़ा थाने पर दर्ज कराई गई थी। जांच-पड़ताल के दौरान अवैध संबंधों की जानकारी लगी। इसके आधार पर पुलिस गांव के ही वीरेंद्र मिश्रीलाल चौहान, प्रकाश पिता केसरिया चौहान, अखिलेश भारत मुजाल्दे, निवासी बांदरकच्छ हाल मुकाम बेगंदी, अजय चौहान और सुरेश पिता इसराम बड़ोले तक पहुंची। सख्ती से पूछताछ में आरोपितों ने किसान की हत्या का अपराध कबूला।

नगरीय निकाय चुनाव : पूर्व मंत्री गुप्ता ने कहा-

प्रदेश व नगर का घोषणा पत्र अलग-अलग होगा

पार्टी कार्यालय पर आयोजित की गई पत्रकार वार्ता।

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर

मो.नं. 9926033955

नगरीय निकाय चुनाव के लिए भाजपा का प्रदेश व नगर का अलग-अलग घोषणा पत्र तैयार होगा। इसमें पार्टी के वरिष्ठजनों के साथ शहर के प्रबुद्धजनों के सुझाव शामिल किए जाएंगे। महापौर और पार्षद के उम्मीदवारों के चयन का आधार स्वच्छ छवि रहेगी। जो विकास में रुचि रखता हो, वही मजबूत उम्मीदवार भाजपा का चेहरा होगा।

यह बात भाजपा की नगरीय निकाय चुनाव अभियान समिति के प्रदेश संयोजक व पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता ने सोमवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि महापौर और पार्षद के उम्मीदवारों के चयन में उम्र कोई आधार नहीं होगी। इंदौर न केवल आर्थिक राजधानी, बल्कि सबसे स्वच्छ शहर भी है। इसीलिए यहां का घोषणा पत्र तैयार करने के लिए बुद्धिजीवी वर्ग, आम नागरिक, समाजसेवी, व्यापारी वर्ग आदि से सुझाव लिए जाएंगे। पूर्व मंत्री गुप्ता ने कहा कि भाजपा ने लगातार निगम में रहकर शहरों का अभूतपूर्व विकास जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप किया है। पार्टी नगरी निकाय चुनाव में इसी विकास को लेकर आमजन के बीच जाएगी। पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की बढ़ती कीमतों को लेकर गुप्ता ने कहा कि यह केंद्र सरकार के हाथ में नहीं है।

वॉकेथॉन के तहत आयोजित कार्यक्रम

स्वस्थ युवा - स्वस्थ भारत में हजारों युवाओं ने लगाई दौड़

पीपुल्स संवाददाता ● महू

मो.नं. 7803921425

धारनाका स्थित हाईस्कूल मैदान में वॉकेथॉन कार्यक्रम के तहत स्वस्थ युवा, स्वस्थ भारत को लेकर सैकड़ों युवाओं ने दौड़ लगाई। कार्यक्रम की शुरुआत सूर्य नमस्कार के साथ हुई। पश्चात सैकड़ों युवाओं ने 12 वर्षीय सिंगर देवांशी अहिर द्वारा प्रस्तुत किए गए फिल्मी गाने दिलवर दिलवर का लुत्फ उठाते हुए जमकर ठुमके लगाए। पश्चात इंदौर से आई फीट इंडिया ब्रांड एंबेसेडर (जुम्बा ट्रेनर) आरती माहेश्वरी द्वारा सभी मौजूद युवाओं को जुम्बा कराया गया। इसके बाद अतिथियों व युवाओं ने तिरंगा थामकर दौड़ को आरंभ किया। इस दौरान युवाओं ने धारनाका स्थित हाईस्कूल मैदान से दौड़ शुरू कर नायकवाड़ चौराहा और वहां से महूगांव पुरानी तहसील, सुमन कॉलोनी होते हुए शांति नगर चौराहे पर पहुंचे, जहां वॉकेथॉन कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती रहे।

अकेलेपन से परेशान वृद्ध ने लगाई फांसी

उज्जैन। पत्नी की मौत और बेटी की शादी के बाद अकेलापन दूर करने के लिए शराबी बने वृद्ध ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। घट्टिया थाने के एसआई चौहान ने बताया कि रविवार शाम ग्राम जैथल टेक में रहने वाले हाकम पिता नंदलाल चौधरी (55) ने रस्सी का फंदा बनाकर कमरे की छत पर लगी बल्ली से लटककर फांसी लगाई थी। सूचना मिलने पर पुलिस जांच के लिए पहुंची तो घटनास्थल से शराब का क्वार्टर भी बरामद हुआ। रिश्तेदारों के एकत्रित होने पर सामने आया कि हाकम की पत्नी का 3 साल पहले निधन हो गया था। उसकी बेटी का विवाह होने से वह भी अपने ससुराल चली गई थी। हाकम अकेला रहता था और शराब पीने लगा था। अकेलेपन की वजह से वह मानसिक रूप से भी परेशान रहने लगा था। संभवतः इसी के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या की है।

आयोजन : कलेक्टर ने की साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा

आरसीएमएस पोर्टल के संचालन में लापरवाही

कलेक्टर ने जताई नाराजी, सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक को दी चेतावनी

पीपुल्स संवाददाता ● इंदौर

मो.नं. 9926033955

लंबित प्रकरणों को लेकर हुई बैठक में इस बार भी एक अधिकारी को कलेक्टर की नाराजगी का सामना करना पड़ा। समीक्षा के दौरान आरसीएमएस पोर्टल के संचालन में लापरवाही दिखाई देने पर कलेक्टर ने सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक और टीम को चेतावनी दी कि आगे से लापरवाही मिली तो उनके विरुद्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सोमवार को आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर मनीष सिंह ने साप्ताहिक समयावधि पत्रों की समीक्षा कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आरसीएमएस पोर्टल पर लंबित राजस्व संबंधी प्रकरणों की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की। सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे प्राथमिकता के साथ पोर्टल पर 100 दिवस की अधिक अवधि से लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने पर विशेष ध्यान दें। इसी दौरान उन्होंने सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक द्वारा आरसीएमएस पोर्टल के संचालन में दिखाई जा रही लापरवाही पर असंतोष व्यक्त किया।

ऑपरेटरों को प्रशिक्षण दें- कलेक्टर ने सहायक ई-गवर्नेंस प्रबंधक को निर्देश दिए कि पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण प्रत्येक तहसील में पदस्थ रीडर एवं कम्प्यूटर ऑपरेटरों को दिया जाए। सभी शासकीय सेवकों को सख्त हिदायत दी कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में प्राप्त हो रही समस्याओं के निराकरण व कार्यों को तत्परता के साथ अंजाम दें।

शिकायतें लंबित- बैठक में कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाइन में दर्ज शिकायतों की विभागवार समीक्षा की। निजी भूमि पर अवैध कब्जा/अतिक्रमण, आवास भत्ता, लोक स्वास्थ्य, नवीन राशन कार्ड, नामांकन एवं बंटवारा आदि से संबंधित लंबित शिकायतों का अवलोकन किया। उन्होंने हर विभाग प्रमुखों को सीएम हेल्पलाइन पर 100 दिवस की अधिक अवधि से लंबित कुल 1567 शिकायतों का समय सीमा अंतर्गत प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

उज्जैन। बड़नगर में दुर्घटना के बाद घायल युवक की देर रात निजी अस्पताल में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि रविवार देर रात निजी अस्पताल में बड़नगर से सड़क दुर्घटना में घायल आशीष पिता भंवरलाल (26) वर्ष को परिजन लेकर आए थे, जहां उसकी मौत हो गई। सोमवार सुबह मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। इस दौरान परिजन भाई विष्णु ने आशीष की हत्या होने का आरोप लगाया।

कांकड़ और चरनोई भूमियों पर भी पड़ोसी किसानों का कब्जा

राजस्व का भारी भरकम अमला तैनात फिर भी सरकारी जमीनें दबंगों के कब्जे में

पीपुल्स संवाददाता ● महू

मो.नं. 7803921425

तहसील क्षेत्र में सैकड़ों एकड़ शासकीय जमीनें दबंगों के कब्जे में हैं। सरकारी जमीनों की सुरक्षा के लिए महू तहसील में भारी भरकम अमला तैनात है, जिसमें अनुविभागीय अधिकारी के अधीन एक तहसीलदार, एक अपर तहसीलदार, दो नायब तहसीलदार के साथ पांच आरआई व दो दर्जन से अधिक पटवारी क्षेत्रवार पदस्थ हैं। इसके बावजूद सरकारी जमीनों से कब्जे हटाने के बजाय अवैध अतिक्रमण बढ़ते जा रहे हैं, जिसमें आरआई व पटवारियों की अहम भूमिका है। इनकी मिलीभगत से सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जों के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। इसी प्रकार गांवों में सैकड़ों बीघा के कांकड़ एवं गोचर की चरनोई भूमियां भी वर्षों से दबंगों की भेंट चढ़ी हुई हैं।

चरनोई भूमि पर कृषि एवं गोदाम- तहसील की सभी पंचायतों के हर गांव में गोचर के लिए चरनोई भूमियां राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज हैं, लेकिन उस पर शासन के बजाय दबंगों का कब्जा वर्षों से चला आ रहा है। चरनोई भूमियों पर कहीं आजूबाजू के दबंग कृषकों द्वारा कब्जा जमाकर खेती की जा रही है तो अनेक जगह चरनोई भूमि पर मकान व माल गोदाम तान दिए गए हैं। यही हालात गांव के कांकड़ों की भूमियों के भी हैं, जिससे लम्बे-चौड़े कांकड़ सिकुड़ चुके हैं और वह पड़ोसी किसानों के कब्जे में चले गए हैं। इस ओर राजस्व विभाग का ध्यान नहीं होना समझ से परे है।

नोटिस देकर की जाती है खानापूर्ति...-गांवों में राजस्व की सरकारी भूमि पर अतिक्रमण होने की शिकायत पर पटवारी द्वारा पंचनामा बनाकर कहां-कहां नोटिस जारी किए जाते रहे हैं। नोटिस के जवाब में संबंधित अतिक्रमणकर्ता से मामूली अर्थदंड जमा करवाकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं, जबकि नियमानुसार दंड वसूलने के बाद भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाना चाहिए, किन्तु मिलीभगत के चलते ऐसा होता नहीं है। शासकीय भूमियों पर इस तरह के अतिक्रमण सिमरोल एवं मानपुर टप्पा क्षेत्र में सर्वाधिक हैं।

किशनगंज पुलिस ने दो स्थानों पर की प्रभावी कार्रवाई, चार आरोपी लिए गए हिरासत में

दो अलग-अलग गाड़ियों से 5 लाख कीमत की शराब जब्त

शराब की पेटियां बोरी में भरी हुई।

पीपुल्स संवाददाता ● महू

मो.नं. 7803921425

किशनगंज पुलिस ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने दो अलग-अलग स्थानों पर से करीब पांच लाख रुपए की अवैध शराब जब्त की है। इन दोनों मामलों में पुलिस ने चार लोगों को पकड़ आरोपी बनाया गया है।

मुखबिर की सूचना पर पहली कार्रवाई किशनगंज पुलिस ने पिगडंबर क्षेत्र के एबी रोड स्थित महाराणा प्रताप ब्रिज पर की है। यहां राजस्थान से हरियाणा की ओर जा रही एक डस्टर कार (एमएच-12 जीजेड-6818) से 395 बोतल अंग्रेजी शराब मिली है। इसमें कई ब्रॉण्ड की शराब शामिल थी, जिसकी कीमत 3.75 लाख रुपए थी।

पुलिस ने दूसरी कार्रवाई एबी रोड स्थित बालाजी कंपनी के पास की है। यहां पर मारुती सुजुकी (डीएल-9 सीएल-1996) को रोका, जिसमें करीब तेरह पेटी विभिन्न ब्रॉण्ड की शराब मिली, जिसे आरोपियों द्वारा कार में रख इंदौर की ओर खपाने के लिए ले जाया जा रहा था। बताया जाता है... यहां जब्ती में आई शराब पेटियों की कीमत करीब नब्बे हजार रुपए है। दोनों मामलों में पुलिस ने चार आरोपियों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ जारी है। किशनगंज थाना प्रभारी शशिकांत चौरसिया के अनुसार जांच कर पता लगाया जा रहा है कि शराब दूसरे राज्यों के नंबर वाली गाड़ियों में क्यों ले जाई जा रही थी?

मेला स्थगित करने का ऐलान, मचा हड़कंप

मनावर। नगर में चल रहे मंगलादेवी गणतंत्र मेले को कलेक्टर के आदेशानुसार नपा प्रशासन द्वारा मेला स्थगित करने का ऐलान करने से मेले के व्यापारियों में हड़कंप मच गया। व्यापारियों ने मेले को निरंतर रखने को लेकर एसडीएम के नाम का एक ज्ञापन नायब तहसीलदार हितेंद्र भावसार को सौंपा। ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि सभी व्यापारियों द्वारा नपा की सहमति से मेले में दुकानें लगाकर व्यवसाय शुरू कर दिया था। अधिकतर फुटकर व्यापारी हाट-बाजार और मेले में दुकानें लगाकर जीवनयापन करते हैं, लेकिन रविवार को अचानक नपा ने मुनादी कराकर मेला बंद करने की घोषणा कर दी, जिससे व्यापारी परेशान हो गए।

IndiaShelter **इंडिया शेल्टर फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: प्लाट - 15, 6टी मंजिल, सेक्टर- 44, इंस्टीट्यूशनल एरिया, गुरुग्राम, हरियाणा- 122002,
शाखा कार्यालय: 204,2री मंजिल, शगुन आर्केड, प्लाट नं. 8, पीयू- 4, स्कीम नं. 54, विजय नगर, ए.बी. रोड, इन्दौर- 450021
शाखा कार्यालय: 8, चरकपथ मार्ग, बीजेपी कार्यालय के पास, मयंक ट्रेडर्स के आगे, उज्जैन- 456010(म.प्र.)

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

वित्तीय संपत्तियों के सुरक्षा और पुनर्निर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ ई-नीलामी बिक्री नोटिस
इस प्रकार आमतौर पर जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) और गारंटीकर्ता (ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति बंधक/जमानती लेनदार को चार्ज किया गया है, को "जैसा है" "जहां है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर कंपनी की बकाया वसूली हेतु बेची जाएगी।

स. क.	1. ऋणी (यों) एवं जमानतदार (रों) एवं कानूनी वारिस (रों) के नाम एवं पता 2. कुल बकाया ब्याज के साथ	भौतिक कब्जा दिनांक	ज्ञात ज्ञान, अगर कोई है के साथ अचल संपति का विवरण	1. ई-नीलामी की दिनांक एवं समय 2. ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी 3. संपत्ति निरीक्षण की दिनांक एवं समय	1. आरक्षित मूल्य 2. संपति की ईएमडी राशि 3. बोली बढ़ाने की राशि
1.	श्रीमती डॉली एवं श्री रितेश महाजन पता-फ्लेट नं. 603, 6टी मंजिल ब्लॉक-बी, डेफोडिल टॉवर, रॉयल अमर ग्रीन इंदौर-452010 मध्य प्रदेश इस पते पर भी- साई सुपर बाजार एफएफ-37, शॉप नं. 8 एवं 9 शेखर टॉवर स्कीम नं. 54 विजय नगर, इन्दौर- 452010 मध्य प्रदेश ऋण खाता नं. सीएचएल 100005077 कुल बकाया राशि: रु.43,84,307/-(रुपये तितालिस लाख चौरासी हजार तीन सौ सात मात्र) 31.01.2020 तक बकाया	25.12.2020	गिरवी संपति फ्लेट नं. 603 स्थित 6टी मंजिल ब्लॉक डेफोडिल इन रॉयल अमर ग्रीन्स, ग्राम निरंजनपुर तहसील एवं जिला इंदौर (म.प्र.) एरिया एडमेजरिंग 1378.52 स्के.फीट चर्तुसीमा: पूर्व में: मार्ग उसके बाद फ्लेट नं. 602 पश्चिम में: एमओएस, उत्तर : फ्लेट नं. 604 एवं दक्षिण : सड़क	ई-नीलामी दिनांक-30 मार्च 2021, प्रातः 11.30 से 1.00 बजे एवं 5 मिनट्स के अतिरिक्त विस्तार के साथ केवायसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी 26 मार्च 2021 को सायं 5.00 बजे तक (1ली) संपति निरीक्षण दिनांक: 23 मार्च 2021 प्रातः 10.30 से दोपहर 02.00 (1ली)	आरक्षित मूल्य: रु. 43,96,736/- (रुपये तितालिस लाख छियानवे हजार सात सौ छत्तीस मात्र) अग्रिम जमा राशि: रु. 4,39,674/- (रुपये चार लाख उनतालीस हजार छह सौ चौहत्तर मात्र) बोली बढ़ाने की राशि: रु. 10,000/- (रु. दस हजार) एवं ऐसे गुणकों में
2.	श्रीमती ईश्वरी एवं श्री शेखर सभी निवासी : मकान नं. 38बी, अंजुषा इन्क्लेव सेक्टर ए, उज्जैन मध्य प्रदेश-456010 ऋण खाता नं. एचएल1700000748 कुल बकाया राशि: रु.4,38,230/- (रुपये चार लाख अड़तीस हजार दो सौ तीस मात्र) 30.08.2018 तक बकाया	16.02.2021	गिरवी संपति के सभी प्रमुख अंग एवं टुकड़े मकान नं.38-बी, संपति क्षेत्रफल 344 स्के.मी., अंजुषा इन्क्लेव, सेक्टर-ए मेवाती रोड, उज्जैन मध्य प्रदेश. चर्तु:सीमा- पूर्व में- मकान नं. बी-37, पश्चिम: मकान नं. बी-38, उत्तर : खुला भाग, दक्षिण: कॉलोनी का मार्ग	ई-नीलामी दिनांक-30 मार्च 2021, प्रातः 11.30 से 1.00 बजे एवं 5 मिनट्स के अतिरिक्त विस्तार के साथ केवायसी के साथ ईएमडी जमा करने की अंतिम तिथी 26 मार्च 2021 को सायं 5.00 बजे तक (1ली) संपति निरीक्षण दिनांक: 23 मार्च 2021, प्रातः 10.30 से दोपहर 02.00 बजे	आरक्षित मूल्य: रु. 4,77,270/- (रुपये चार लाख सतहत्तर हजार दो सौ सत्तर मात्र) अग्रिम जमा राशि: रु. 47,727/- (रुपये सैंतालीस हजार सात सौ सत्ताईस मात्र)

धरोहर राशि का भुगतान डीडी के माध्यम से 'इंडिया शेल्टर फाईनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड' के पक्ष में देय इन्दौर एवं उज्जैन स्थानीय शाखा अथवा एक्सिस बैंक खाता नं. 911020001057107 एवं आईएफएससी कोड: UTIB0000131, शाखा गुड़गांव एवं शाखा कोड 000131 में NEFT/RTGS के द्वारा किया जाएगा।
बिक्री के तहत संपत्तियों के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण/आवश्यकता के मामले में बोलीदाता- इंदौर के लिए - श्री शत्रुघ्न सिंह (+91 9993670488) एवं श्री अजय गुप्ता (+91 7906826375 एवं 0124-4131812) उज्जैन के लिए- श्री प्रद्युम्न कोवले (+91 7000018848) एवं श्री अजय गुप्ता (+91 7906826375 एवं 0124-4131812)
बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया इंडिया शेल्टर फाईनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा प्रदत्त वेबसाइट WWW.INDIASHELTER.IN या WWW.INDIASHELTER.AUCTIONTIGER.NET
स्थान : इंदौर/उज्जैन दिनांक : 01.03.2021 अधिकृत अधिकारी, वास्ते इंडिया शेल्टर फायनेंस कार्पोरेशन लिमिटेड